# विश्व मुक्केबाज़ी चैंपियनशिप 2025

## चर्चा में क्यों?

लिवरपूल में आयोजित **महिला विश्व मुक्केबाज़ी चैंपियनशिप 2025** में भारतीय मुक्केबाज़ **जैस्मीन लंबोरिया** ने पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता **जूलिया जेरेमेटा** को हराकर **फेदरवेट (57 किग्रा)** का **खिताब** हासिल किया।

- उनके साथ, **मीनाक्षी हुड्डा** ने भी 48 किग्रा में **स्वर्ण पदक** जीता, जो विदेश में आयोजित **विश्व चैंपियनशिप** में भारत का अब तक का **सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन** है।

## मुख्य बिंदु

- **जैस्मीन लंबोरिया:**
  - उन्होंने अपने तीसरे विश्व चैंपियनशिप में पोलैंड की **जूलिया सेरेमेटा** को 4-1 से हराकर अपना **पहला पदक** जीता है और विश्व खिताब जीतने वाली वह **नौवीं भारतीय मुक्केबाज़** बन गईं हैं।
  - वह छह बार की विजेता **मैरी कॉम** (वर्ष 2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018), दो बार की विजेता **निखत ज़रीन** (2022 और 2023), **सरिता देवी** (2006), **जेनी आरएल** (2006), **लेखा केसी** (2006), **नीतू घनघास** (2023), **लवलीना बोर्गोहेन** (2023) और **स्वीटी बूरा** (2023) की प्रतिष्ठित सूची में शामिल हो गईं।
  - उन्होंने पैरिस ओलंपिक (2024) में पहले दौर से बाहर होने के निराशा को पीछे छोड़ते हुए यह सफलता प्राप्त की।
  - इससे पूर्व, उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप (2021) में **कांस्य पदक**, राष्ट्रमंडल खेलों (2022) में **पदक** और **वर्ल्ड कप 2024, अस्ताना में स्वर्ण पदक** जीता था।
- **मीनाक्षी हुड्डा की जीत:**
  - मीनाक्षी ने जुलाई, 2025 में हुई अपनी अस्ताना वर्ल्ड कप हार का बदला लेते हुए महिला 48 किग्रा फाइनल (गैर-ओलंपिक श्रेणी) में **स्वर्ण पदक जीता**।
  - उन्होंने कज़ाखस्तान की तीन बार की विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक की **कांस्य पदक** विजेता **नाज़िम काइज़ेबे** को हराया।
    - उन्होंने इससे पहले वर्ष 2022 में 52 किग्रा में **एशियाई रजत पदक जीता** था।
- **अन्य पदक विजेता:**
  - **नूपुर श्योराण (+80 किग्रा)**: पोलैंड की **अगाता काकज़मरस्का** को मात्र 2-3 के अंतर से हारकर **रजत पदक जीता**।
  - **पूजा रानी (80 किग्रा)**: सेमीफाइनल में इंग्लैंड की **एमिली एस्क्विथ** को हराकर **कांस्य पदक जीता** ।
- **महत्त्व:** भारत ने विश्व चैंपियनशिप में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिसमें दो स्वर्ण, एक रजत और एक **कांस्य** पदक जीतकर महिला मुक्केबाज़ी में अपनी स्थिति को और **सुदृढ़** किया।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-boxing-championship-2025